# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
# उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अमेठी

पत्रांक 896 / कार्य-2 / 49 दिनांक 10-07-2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ

**विषयः—ई—पेपर दैनिक भास्कर (06.07.2026) में प्रकाशित "जल जीवन मिशन का गड्ढा महनों से खुलाः फत्तेपुर में लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी" के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक ई—पेपर दैनिक भास्कर के दिनांक 06.07.2026 को **प्रकाशित "जल जीवन मिशन का गड्ढा महीनों से खुलाः फत्तेपुर में लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी"** के सम्बन्ध में संलग्न समाचार पत्रों की कटिंग के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि उक्त शिकायत विकास खण्ड—सिंहपुर के अन्तर्गत राजाफत्तेपुर ग्रामीण पेयजल योजना से सम्बन्धित है। जिसका समस्त कार्य मेसर्स गायत्री—रैम्की/हेत्वी प्रा0लि0 अहमदाबाद द्वारा किया जा रहा है। उपरोक्त ग्रामीण पेयजल योजना में पाइपलाइन बिछाने के दौरान खोदे गये गड्ढा की पुर्नस्थापना का कार्य गुणवत्तापूर्वक/मानक अनुसार करा दिया गया है।



उपरोक्त वर्णित आख्या के अनुसार निस्तारण करना चाहें।

भवदीय

(अनिल कुमार राव)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 / / दिनांक

**प्रतिलिपिः**—निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2. मुख्य अभियन्ता(ल0क्षे0) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), अयोध्या।
4. जिलाधिकारी महोदय, अमेठी।
5. मुख्य विकास अधिकारी महोदया, अमेठी।
6. जिला सूचना अधिकारी अमेठी।
7. मेसर्स गायत्री—रैम्की/हेत्वी प्रा0लि0 अहमदाबाद (कैम्प—अमेठी)।

अधिशासी अभियन्ता

जल जीवन मिशन का गड्ढा महीनों से खुला:फतेपुर में लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी

आनंद कुमार त्रिवेदी | तिलोई। अमेठी5 दिन पहले



जल जीवन मिशन का गड्ढा महीनों से खुला।

अमेठी जिले की तिलोई तहसील के फतेपुर ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के तहत खोदा गया एक गड्ढा महीनों से खुला पड़ा है। पूरे त्रिवेदी में अतुल तिवारी के घर के सामने स्थित इस गड्ढे के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि जल निगम विभाग की उदासीनता के चलते ठेकेदारों द्वारा खोदे गए इस गड्ढे को अब तक नहीं भरा गया है। यह गड्ढा रास्ते के बीच में होने से दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

ग्रामीणों में अतुल तिवारी, धुन्नी यादव और विजय तिवारी ने संबंधित अधिकारियों से इस गड्ढे को जल्द से जल्द भरवाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कई बार शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

इस संबंध में जब अमेठी के जल निगम विभाग के जेई राजकुमार यादव से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि उन्हें मामले की जानकारी मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया कि गड्ढे को जल्द ही पटवा दिया जाएगा।